आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15 .08.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से लगातार 13वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया, कहा- 2047 तक विकसित भारत बनकर रहेगा।

2- प्रधानमंत्री ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग और अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल का प्रशिक्षण देने की घोषणा की।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल में किया ध्वजारोहण, कहा- वर्ष 2027 होगा युवा कल्याण को समर्पित।

4- पूरे प्रदेश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस।

5- आज सागर, जबलपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, समेत 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

**पीएम संबोधन**

राष्ट्र आज 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले के प्राचीर से देशवासियों को संबोधित किया। पहली बार, इस अवसर पर राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। इस वर्ष के आयोजन में, 2047 तक विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति की भूमिका पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में करोड़ों देशवासियों के संकल्प, समर्पण और हरसंभव प्रयास की बदौलत देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि पहले भारत पांच सबसे कमज़ोर अर्थव्यवस्था वाले देशों में गिना जाता था लेकिन अब वह दुनिया की सबसे तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी ने कहा कि इन प्रयासों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को यांत्रिक मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को एआई के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि देश को लागत, गुणवत्ता और कौशल पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों, शहरों और स्कूलों में 15 वर्ष तक के मेधावी बच्चों की पहचान के लिए प्रतिभा खोज अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुने गए बच्चों को अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने गरीबों और मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों परीक्षाओं के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग देने की घोषणा की।

## स्वतंत्रता दविस प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इससे पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं के लिए बड़ा ऐलान करते हुए वर्ष 2027 को युवा कल्याण को समर्पित करने की बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 8 हजार स्टार्ट-अप संचालित हैं। इनकी संख्या 12 हजार से अधिक करने और 100 नए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश नक्सलवाद के प्रभाव से पूर्णतः मुक्त हो गया है।

## स्वतंत्रता दविस-जलिा

प्रदेश में जिला स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। ग्वालियर में एसएएफ मैदान पर आयोजित हुए जिले के मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण भी हुआ। जबलपुर में मंत्री राकेश सिंह, नर्मदापुरम में खेल और युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। सीहोर में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी कृष्णा गौर ने ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी ली। सागर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और मंडला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। खंडवा में मंत्री विजय शाह और झाबुआ में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। अशोकनगर में आयोजित समारोह में कलेक्टर साकेत मालवीय तो गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,डिंडोरी में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, नीमच में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

## पुलसि अलंकरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान पदक अलंकरण समारोह में पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य विशिष्ट सेवाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदकों से सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को 9 विशिष्ट सेवा पदक, 33 सराहनीय सेवा पदक एवं होमगार्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए 3 पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक है। पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपनी दक्षता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

स्वतंत्रता दविस - आकाशवाणी महानदिशक

नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी मुख्यालय में भी 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन उन शहीदों को याद करने का दिन है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उन सभी के सपनों को साकार करने का प्रयास करना चाहिए जिन्होंने देश को समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। आकाशवाणी भोपाल में भी ध्वजारोहण किया गया। और हर्षोउल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से आज जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में कुछ इलाकों में 4 से 8 इंच तक बारिश हो सकती है। अगले चार दिन तक जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में सिस्टम का ज्यादा असर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को नर्मदापुरम, छतरपुर और उमरिया में अति भारी बारिश का अनुमान है। वहीं जबलपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, पन्ना, टीकमगढ़, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है।

संक्षप्ति समाचार

1- जिला पंचायत परिसर में जबलपुर शहर का पहला 'दीदी कैफे' शुरू होने जा रहा है। यहां महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं नाश्ता, भोजन और अन्य घरेलू व्यंजन तैयार कर उपलब्ध कराएंगी।

2- शहडोल जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम टेटका और कौआसरई में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3- नर्मदापुरम जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोट और आईजी चंद्रशेखर सोलंकी ने कल माखन नगर क्षेत्र में शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर आमजन और विद्यार्थियों से संवाद किया।

4- मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कल नीमच जिले में अधिकारियों द्वारा जनविश्वास शिविर लगाकर समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के लिए निर्देश दिए गए।

5- जीपीएफ की गुमशुदा कटौतियों के निराकरण के लिए 17 से 19 अगस्त तक शिवपुरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।